इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केंद्र जोधपुर

बी.एड. प्रवेश जनवरी सत्र 2024 के लिए विद्यार्थी पंजीकरण प्रभाग(नई दिल्ली) से प्राप्त दिशानिर्देश:-

1. एक साथ डिग्री/कार्यक्रम:-

   जिन आवेदकों ने अपनी स्नातक की डिग्री और DELED कार्यक्रम एक साथ पूरा कर लिया है या यदि एक कार्यक्रम की एक निश्चित अवधि दूसरे कार्यक्रम के साथ मेल खाती है,तो इसे "एक साथ दो कार्यक्रम" करने के रूप में माना जाएगा और उन्हें इग्नू के बी.एड. में प्रवेश के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। बी .एड. कार्यक्रम में ,जिन उम्मीदवारों के पास पीजी स्तर पर अंकों का आवश्यक प्रतिशत है,लेकिन उन्होंने स्नातक की डिग्री और डिप्लोमा (DELED) एक साथ पूरा कर लिया है,उन्हें भी पात्र नहीं माना जाएगा।

2. गैप ईयर डिग्री:-

   यदि किसी आवेदक ने स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश रद्द नहीं कराया है और डिप्लोमा (DELED) पूरा करने के लिए अपने स्नातक कार्यक्रम से अंतराल लिया है, तो तकनीकी रूप से वह पूरे समय संबंधित संस्थान के रोल पर रहा है। अतः यह माना जायेगा कि दोनों कार्यक्रम एक साथ सम्पन्न किये गये है | उन्हें भी बी.एड. जनवरी 24 में पात्र नही माना जायेगा |